PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Focus News, delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 1
Width: 25.25 cms, Height: 35.85 cms, a3, Ref: 2.2017-06-08.10

योगाभ्यास : राजभवन में बाबा रामदेव संग राज्यपाल–सीएम ने किया योग

। कृष्णा अग्रवाल ।

लखनऊ। फोकस न्यूज। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार सुबह लखनऊ के राजभवन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा रामदेव की मौजूदगी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने योगाभ्यास किया। बाबा रामदेव ने कठिन योग कराते समय कहा कि हमारे योगी जी एक्सपर्ट हैं, उनका शरीर लचीला मन हठीला है। इस पर मुख्यमंत्री भी खिलखिला कर हंस पड़े। रामदेव ने आगे कहा कि योग सिखाता है, हम ही मोहम्मद, हम ही गीता। शुद्ध हुआ तो बुद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि एक योगी प्रदेश के लिए 18 घंटे कर्मयोग कर रहे हैं। बिना योग अनुशासन के कोई देश प्रदेश हिंसा मुक्त नहीं हो सकता। बाबा ने

योगाभ्यास के दौरान कहा कि मोदी जी के आने से लखनऊ का गौरव बढ़ेगा। ये गौरव मोदीजी ने योग को दिया और योगी (शेष पेज दो पर)

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Focus News, delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 1
Width: 24.28 cms, Height: 7.47 cms, a4r, Ref: 2.2017-06-08.10

योगाभ्यास... (पेज एक का शेष) आदित्यनाथ को शासन देकर आध्यात्म को गौरव दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग का लक्ष्य स्वस्थ्य तन से स्वस्थ मन और इसके जरिए स्वस्थ्य समाज का निर्माण करना है। परम्परा और पूर्वजों को कृतज्ञता का सबसे अच्छा तरीका ये ही है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल राम नाईक भी मौजूद हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मंच पर दो–दो महा योगी मौजूद हैं। एक राज योगी और एक योगी राज। रा. जभवन में बुधवार को आयोजित योगाभ्यास में 1500 से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं। इसमें सेना के अधिकारी, जज, प्रदेश के अन्य अधिकारी भी योग कर रहे हैं। मंच पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, बाबा रामदेव, योग गुरु भारत भूषण मौजूद हैं।